26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार , 17 जुलाई , 2026
अंक- 263 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 10
www.dainikchingari.com

## 2026 में वैश्विक निर्वाचन मंच की अध्यक्षता करेगा भारत- ज्ञानेश कुमार



**मुरादाबाद ( चिंगारी )**। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारतीय चुनावी प्रणाली विश्व की सबसे पारदर्शी और सक्षम व्यवस्थाओं में शामिल है। इसकी वैश्विक विश्वसनीयता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि भारत वर्ष 2026 में वैश्विक निर्वाचन प्रबंधन से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मंच की अध्यक्षता कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त गुरुवार को मुरादाबाद के एक शिक्षण संस्थान में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), बूथ लेवल सुपरवाइजर्स तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चुनावी प्रबंधन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और मतदाता–केंद्रित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश में मतदाता सूची के निर्माण से लेकर मतदान और मतगणना तक की प्रत्येक प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित की जाती है। चुनाव की सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं का सत्यापन और निगरानी राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की प्रत्यक्ष मौजूदगी में होती है, जिससे पूरी चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। श्री कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है। इसमें बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजर्स की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उनकी सतर्कता से प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सकता है तथा अपात्र व्यक्तियों को सूची में शामिल होने से रोका जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और मतदाता–केंद्रित कार्यप्रणाली अपनाने का आह्वान किया, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। इससे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त के मुरादाबाद पहुंचने पर वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने मुरादाबाद में आयोजित संवाद को अत्यंत सार्थक बताते हुए कहा कि एक लंबे अंतराल के बाद शहर आकर उन्हें प्रसन्नता हुई।



# निर्यात वाले डीजल पर उत्पाद शुल्क सात रुपये बढ़ा, पेट्रोल पर 1.5 रुपये की कटौती



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सरकार ने निर्यात किये जाने वाले पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर उत्पाद शुल्क की दरों में बदलाव किया है। वित्त मंत्रालय की बुधवार देर रात जारी अधिसूचना के मुताबिक, नयी दरें 16 जुलाई जुलाई से प्रभावी हो गयी हैं। निर्यात वाले डीजल और एटीएफ पर उत्पाद शुल्क सात-सात रुपये प्रति लीटर बढ़ाया गया है। वहीं, पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 1.50 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गयी है। अधिसूचना के मुताबिक, निर्यात होने वाले पेट्रोल पर गुरुवार से विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) चार रुपये प्रति लीटर से कम करके 1.50 रुपये प्रति लीटर किया गया है। डीजल पर एसएईडी 8.50 रुपये के बढ़ाकर 15.50 रुपये और विमान ईंधन पर 7.50 रुपये से बढ़ाकर 14.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। निर्यात होने वाले पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर उत्पाद शुल्क की हर पखवाड़े समीक्षा की जाती है। इसे विंडफॉल टैक्स भी कहते हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव और डॉलर की तुलना में रुपये के विनिमय दर में परिवर्तन के अनुसार शुल्क में बदलाव किया जाता है ताकि निर्यातकों को नुकसान भी न हो और बहुत ज्यादा लाभ की स्थिति भी न बने, क्योंकि ऐसे में वे अचानक निर्यात बढ़ा सकते हैं जिससे घरेलू आपूर्ति के प्रभावित होने का खतरा होता है।

# सपा का पीडीए का नारा खुद ही पिट गया- ओम प्रकाश राजभर



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** सुहेलेदव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पीडीए का नारा पीट देगा अहिर खुद ही पिट गया है। फिर भी सपा अध्यक्ष करोड़ों अरबों खर्च कर नये-नये तरीके आजमा रहे हैं। ओम प्रकाश राजभर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर गुरूवार को लिखा कि जनता सब देख रही है। उसे यह भी दिख रहा है कि सपा के नेता-सांसद जंतर-मंतर की परिक्रमा कर रहे हैं लेकिन अखिलेश नहीं जा रहे हैं। अखिलेश तो ठहरे एसी-पीसी और ट्विटर वाले नेताजी। जंतर-मंतर तो जाएंगे नहीं। हां, उसके नाम पर फंडिंग इकट्ठी करेंगे और पुराना रखा माल इकट्ठा कर चुनाव में खपाने के लिए विदेशी कंपनी पर लुटा आयेंगे। राजभर ने लिखा कि वैसे तो विदेश से आपका मोह बहुत ज़्यादा है लेकिन इधर देख रहा हूं कि आप विदेश के चक्कर ज़्यादा लगाने लगे हैं। पता लगाया तो माज़रा कुछ और निकला। पता चला है कि चुनाव जीतने के लिए आपने एक विदेशी कंपनी को खुफिया काम पर लगाया हुआ है। इसका काम जातियों में लड़ाई लगवाने का है ताकि आपकी 2027 की नैया पार लग सके, जो वैसे लगने वाली नहीं है। इसी की मॉनिटरिंग के लिए आप खुद ही घूम रहे हैं। राजभर ने अखिलेश का नाम लिए बगैर लिखा कि विदेशियों के चक्कर में मत पड़िए मित्र। चुनावी प्रतिष्ठा तो जा चुकी है पैसा भी बर्बाद हो जाएगा। फंडिंग से चुनाव जीता जाता तो राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल घर में बेरोजगार नहीं बैठे होते। हम तो आपके मित्र हैं, समझाना हमारा काम है, समझें तो ठीक वरना आप समझदार हैं।

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें सुनिश्चित- ए.के. शर्मा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विद्युत बिल संशोधन, नए विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थापना, पेयजल, सीवर, सफाई, अतिक्रमण सहित अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। मंत्री शर्मा ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# उच्चतम न्यायालय ने नौवीं कक्षा के स्तर पर त्रि-भाषा नीति लागू करने पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा के स्तर पर तीसरी भाषा को शामिल किए जाने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड की परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों पर अतिरिक्त दबाव डालता है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की एक अपील पर सुनवाई के दौरान की। यह अपील मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ थी, जिसमें राज्य को हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय बनाने की सुविधा देने का निर्देश दिया गया था। गौरतलब है कि तमिलनाडु सरकार नवोदय विद्यालयों की स्थापना का विरोध कर रही है, और उसका तर्क है कि ये विद्यालय त्रि-भाषा नीति का पालन करते हैं। केंद्र सरकार की त्रिभाषा की नीति की वैधता हालांकि इस मामले में विचाराधीन नहीं थी, फिर भी न्यायमूर्ति नागरत्ना ने नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा को शामिल करने के समय पर सवाल उठाया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बोर्ड की इस त्रि-भाषा नीति को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली एक न्यायपीठ के समक्ष अलग से चुनौती दी गई है। पीठ ने इस नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और इस मामले को अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि त्रि-भाषा नीति में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य नहीं किया गया है।



# 30 वर्ष से अधिक उम्र के सैनिकों के लिए टेस्टोस्टेरोन की जांच होगी अनिवार्य

## अमेरिकी रक्षा मंत्री का बड़ा फैसला

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने घोषणा की है कि अब 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सैनिकों के वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण में टेस्टोस्टेरोन की कमी की जांच को भी शामिल किया जाएगा।

श्री हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में इस नयी स्वास्थ्य योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सैनिकों में हार्मोन का निश्चित स्तर बना रहे, ताकि वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि जिन सैनिकों में इस हार्मोन का स्तर कम पाया जाएगा, उन्हें स्वेच्छा से उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके विपरीत, 30 वर्ष से कम आयु के सैनिकों के लिए इस परीक्षण को वैकल्पिक रखा गया है।

श्री हेगसेथ ने कहा कि शासन अपने योद्धाओं को विश्व की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है और यह नयी पहल इसी प्रतिबद्धता को पूरा करती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सैनिकों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे सदैव सशक्त, लचीले और कार्यकुशल बने रहें। इस पहल का ध्येय केवल आगामी सैन्य तैनाती नहीं, बल्कि उनके पूरे जीवन का उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है, जिससे वे सेना की सेवा से मुक्त होने के बाद भी एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें।









26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 17 जुलाई, 2026

www.dainikchingari.com

# भारत में पहली हाइड्रोजन ट्रेन चली

## मोदी ने दिखाई हरी झंडी, जींद-सोनीपत के बीच भरी रफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगरी)।** भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन पटरी पर चल पड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन जींद और सोनीपत रेलवे स्टेशन के बीच चलेगी। इस ट्रेन में हाइड्रोजन लीक, गर्मी, आग और धुएं का पता लगाने वाले कई सुरक्षा सिस्टम लगाए गए हैं।



आम इलेक्ट्रिक ट्रेनों की तरह यह ट्रेन ऊपर लगी बिजली की लाइनों से पावर नहीं लेती। इसमें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रक्रिया से ट्रेन के अंदर ही बिजली बनती है। इस प्रक्रिया में सिर्फ पानी की भाप और गर्मी निकलती है। रेलवे के मुताबिक, यह पुराने जमाने की भाप और डीजल इंजन वाली ट्रेनों जैसा है, फर्क बस इतना है कि अब कोयला या डीजल जलाने की जगह हाइड्रोजन से बिजली बनती है और इसमें कोई धुआं नहीं निकलता। यही वजह है कि इसे रेल यातायात का सबसे स्वच्छ तरीका बताया जा रहा है। यह ट्रेन 75 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलेगी जबकि इसकी डिजाइन स्पीड 110 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के रूट पर चलेगी। दुनिया में हाइड्रोजन ट्रेनों का चलन अभी शुरुआती दौर में है। जर्मनी ऐसी ट्रेन शुरू करने वाला पहला देश था, जबकि फ्रांस, इटली, चीन और जापान जैसे देशों में भी इस पर काम चल रहा है। लेकिन वहां ऐसी ट्रेनों में सिर्फ दो से चार डिब्बे होते हैं। भारत की यह ट्रेन 10 डिब्बों की है और इसमें करीब 2600 यात्री सफर कर सकेंगे, जो इसे दुनिया में सबसे बड़ी हाइड्रोजन ट्रेन बनाता है।

## शामली, कैराना और बिजनौर में बरसे योगी

# गुंडों-माफियाओं की बख्शीश नहीं होगी

बिजनौर (चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक बार फिर बिजनौर दौरे से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में ग़ज़ब का उत्साह देखा गया। शामली और कैराना होते हुए योगी आदित्यनाथ दोपहर बाद बिजनौर पहुंचे। पुलिस लाइन में उनका हेलिकॉप्टर लैंड होते ही एक ओर जहां अधिकारियों की सांसें अटक गईं, वहां दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ता और वे आम लोग जो बाबा को देखने और उनका भाषण सुनने के लिये वर्धमान कॉलेज मैदान पहुंचे थे, उत्साह और उल्लास से भर गये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शामली व कैराना के बाद बिजनौर में जनसभा को संबोधित करते हुए जहां अपनी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया, वहां विपक्ष मुख्य रूप से सपा और कांग्रेस की बखिया उधेड़ीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिजनौर में सदर और चांदपुर विधानसभा क्षेत्रों की एक हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा और कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी



तरह बदल चुकी है। जो प्रदेश पहले अपराध, पलायन और माफियागर्दी के लिये जाना जाता था, आज वहां कानून का राज है। अपराधियों की जगह या तो जेल में है या फिर उन्हें जहन्नुम में भेजा जा रहा है। गुंडागर्दी के लिये अब कोई जगह नहीं है। सपा के शासन में किसान, नौजवान और व्यापारी सभी परेशान थे। बहन-बेटियों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया था। आज बहन-बेटियां पूरी तरह सुरक्षित हैं।

महात्मा विदुर का पुण्य स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले के मुख्यमंत्री बिजनौर से आने से कतराते थे। डरते थे कहीं कुर्सी न चली जाये। हमने इस धारणा को बदला। समाचार लिखे जाने तक मुख्यमंत्री का संबोधन जारी था। भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि तथा वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद रहे। सभा में भीड़ जुटाने और कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर विधायक सुचि चौधरी और भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी अग्रणी रहे। इस अवसर पर सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंध रहे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बल तैनात किये गये। डीएम जसजीत कौर और एसपी अभिषेक झा लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखे रहे। पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका ने व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग किया।

### ये नेता रहे मंचासीन

मुख्यमंत्री की सभा के मंच पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, सांसद चंदन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी अशोक कटारिया, जयपाल सिंह व्यस्त, हरि सिंह ढिल्लो, वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, सीपी सिंह, पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, डॉ. यशवंत सिंह, धामपुर विधायक अशोक राणा, नहटौर विधायक ओमकुमार, महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर व अनूप बाल्मीकि, भाजपा प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी, पालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# योगी जी की कृपा से बिजनौर में अभूतपूर्व विकास हुआ- मौसम



जनसभा को संबोधित करते हुए ऐश्वर्य मौसम चौधरी।

**वर्धमान कॉलेज में आयोजित मुख्यमंत्री की सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने दो टूक कहा कि योगी जी की सरकार से पहले बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ था। पिछले 9 सालों में योगी जी की कृपा से क्षेत्र में अनेक पुल बने, सड़कें बनीं, बाढ़ रोकने के लिये तटबंध बने। बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुये। आज भी अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है।**

### बुलडोजर खड़े कर स्वागत किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत के लिये यहां तमाम भाजपा कार्यकर्ता और हजारों आम लोग पलक पांवड़े बिछाये रहे, वहां दर्जनों बुलडोजर/जेसीबी को सजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। सदर विधायक सुचि चौधरी व भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी के बैनर लगे इन सजे-धजे बुलडोजर को नजीबाबाद रोड के दोनों ओर खड़ा किया गया था। बता दें कि बुलडोजर योगी सरकार का प्रतीक बन गया है।






आदर्श आयुर्वेदा

गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें

धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी

जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।

गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।

पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर

मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

KSVCEM BIJNOR

COLLEGE CODE-791

Kunwar Satya Vira Degree College, Bijnor

Affiliated To Guru Jambheshwar University, Moradabad

Admission Open 2026-27

Courses Offered
- B.B.A
- B.Com (Hons.)
- B.Sc (Hons.) - Maths, Zoology, Botany / Chemistry
- B.Sc (Gen / PCM / ZBC)
- B.A (All Subjects)

Computer Courses
- Basic Computer Courses
- MS Office, Photoshop, CCC
- 'O' & 'A' Level
- Web & Android Development
- Digital Marketing
- E-Commerce



Opposite Government Polytechnic College, Bairaj Road, Bijnor

+91 9411853446

# कांठपुर के युवक की साउथ अफ्रीका में हार्ट-अटैक से मौत

**कांठपुर/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम कांठपुर निवासी एक युवक की साउथ अफ्रीका में हार्ट-अटैक से मौत हो गई। जिससे उसके परिजनों में कोहराम मच गया। गांव निवासी 30 वर्षीय महताब पुत्र जब्बार नाई का काम करता है, वह चार माह पहले साउथ अफ्रीका गया था। वहां दस दिन पूर्व उसकी हार्ट-अटैक आने से मौत हो गई। 11 दिन बाद युवक के शव को साउथ अफ्रीका से उसके घर लाया गया जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक युवक अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। मृतक क्षेत्र के पत्रकार नईम का भांजा था। ग्रामीणों ने युवक की मौत पर दुख व्यक्त किया।**

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

We Are Hiring

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

URDU & SANSKRIT

ENGLISH CONVERSATION

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लाने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042

20वीं पुण्यतिथि



स्व. रामचन्द्र अग्रवाल एडवोकेट

बिजनौर की न्यायपालिका के महान स्तम्भ

आज आपकी पुण्यतिथि पर हम आपको अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व आपके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराते हैं। आपकी अनमोल स्मृतियां ही हमारे जीवन का संबल हैं।

-: श्रद्धावनत :-

एस.के. बबली — एडवोकेट (पुत्र)

नीता अग्रवाल — भाजपा, बिजनौर (पुत्रवधू)

डॉ. रोहन चौधरी- डॉ. निकिता चौधरी (पौत्र दामाद-पौत्री)

अजय सिंह एडवोकेट- चैरी गुप्ता एड. (पौत्र दामाद-पौत्री)

अभिराम चौधरी व अर्थब सिंह (परधेवते)

निवास- वकील हाउस, सिविल लाइंस द्वितीय, बिजनौर मो. 9412215930

### मंडावली थाने से आरोपी फरार होने पर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल में रह रही किशोरी कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। परिजनों के द्वारा मंडावली थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई। पुलिस ने आरोपी नितिन कश्यप पुत्र जयभगवान निवासी भोगपुर थाना लक्सर उत्तराखंड के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई में किशोरी को आरोपी सहित पकड़ लिया गया। पुलिस के द्वारा किशोरी के बयान कराने के लिए बिजनौर ले जाया गया। पकड़ा गया आरोपी मौका देखकर पुलिस को चकमा देकर थाने से से फरार हो गया। जिससे मंडावली थाने में हड़कंप मच गया। पुलिस चारो ओर दौड़ी लेकिन आरोपी का कुछ नहीं पता चल सका। इस खबर को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। इस संबंध में सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने बताया कि मंडावली पुलिस की हिरासत से फरार आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई है, तलाश जारी है। मामले की जांच की जा रही है।

SB COLLEGE

SBC

NIOS (Ministry of Education, Govt. of India)

DNYS (2½ Years)

G.J.U., MORADABAD

BA LLB (5 Years)

LLB (3 Years)

ADMISSION OPEN

100% SCHOLARSHIP



6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)

7251999223, 9711144628, 7251999225

भली लगे या बुरी...

# भाजपा का एजेंडा और विपक्ष

हाल ही में नेशनल कान्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने यह कह कर सनसनी पैदा कर दी कि भाजपा उनके विधायकों को तोड़ कर जम्मू कश्मीर में सरकार का चरित्र बदलने का प्रयास कर रही है। उमर अब्दुल्ला का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विपक्ष के साथ रहने के बावजूद नेशनल कान्फ्रेंस ने राज्य के विकास के अनेक मुद्दों पर केन्द्र सरकार से लगातार सहयोग किया है। ऐसे में नेशनल कान्फ्रेंस के संबंध में भाजपा के कथित प्रयास का अर्थ यही है कि वह अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए किसी भी सीमा तक जाने के लिए तैयार है। हालांकि, दलबदल विधेयक के नए नियम के अनुसार दो-तिहाई सांसदों को अलग करना मुश्किल हो सकता है, पर उनमें से कुछ को संसद सदस्यता से इस्तीफा देने या किसी महत्वपूर्ण विधेयक पर संसद से गायब रहने को तैयार किया जा सकता है। कांग्रेस समेत विपक्ष को इस अवसर पर 2024 का लोकसभा चुनाव भी याद आ रहा है, जब भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया था। उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा अन्य विपक्षी नेताओं ने देश की जनता को सतर्क किया था कि यदि मोदी सरकार का बहुमत वास्तव में 400 पार हो जाता है तो देश का संविधान और आरक्षण खतरे में पड़ जाएगा। विपक्ष की इस बात का जनता के एक हिस्से पर गहरा असर हुआ और भाजपा अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी तथा उसकी संख्या 240 रह गई। लेकिन विपक्ष की आशाओं के प्रतिकूल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न केवल राजग की सरकार बनी, बल्कि मोटे तौर से उसने अपनी आक्रामकता और तेजी भी बनाए रखी। अन्य कई प्रदेशों के साथ ही खासकर बिहार और पश्चिम बंगाल में विजय से भाजपा के हौसले बुलंद हैं क्योंकि अब उसका देश के बड़े भूभाग पर कब्जा हो गया है तथा लगभग 70 प्रतिशत जनता उसके शासन के अंतर्गत आ गई है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा विपक्ष शासित पंजाब और हिमाचल प्रदेश पर कब्जा करने तथा अपने सभी राज्यों में सत्ता बनाए रखने का प्रयास कर रही है। भाजपा संसद के मानसून सत्र का उपयोग अपनी इस गतिशीलता को और तेज करने तथा आरएसएस का एजेंडा लागू करने के लिए कर सकती है। हाल ही में 'वंदे मातरम' को 'जन गण मन' पर वरीयता देने का निर्णय इसी दिशा में एक कदम है। इसके साथ ही भाजपा उत्तराखंड के बाद अब दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास कर रही है। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी संघ के एजेंडे को लगातार आगे बढ़ाने का भरसक प्रयास कर रही है।


# 'सतलुज' : इतिहास से डरता लोकतंत्र या सच से असहज सत्ता?



▶▶ प्रकाश पंकज, हल्दौर

लोकतंत्र की असली शक्ति संसद की ऊंची दीवारों में नहीं, बल्कि उन प्रश्नों में बसती है जिन्हें पूछने का साहस नागरिकों के भीतर जीवित रहता है।

1984 से 1995 के बीच पंजाब आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद-रोधी अभियानों और मानवाधिकार उल्लंघनों के गंभीर आरोपों के दौर से गुज़रा एक ऐसा अध्याय, जिसने भारतीय लोकतंत्र, न्याय व्यवस्था और राज्य की जवाबदेही पर कठिन प्रश्न खड़े किए। इसी पृष्ठभूमि में मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा ने कथित अवैध हत्याओं और गुप्त दाह-संस्कारों के मामलों को सार्वजनिक विमर्श का विषय बनाया। फिल्म 'सतलुज' (पहले पंजाब 95) इसी ऐतिहासिक संदर्भ से प्रेरित होकर लोकतंत्र, न्याय और इतिहास के संबंधों पर विचार करने का अवसर देती है। जिस दिन कोई राष्ट्र अपने इतिहास के कुछ पन्नों से आंखें चुराने लगे, उसी दिन यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है-क्या सत्ता इतिहास की संरक्षक है, या उसकी संपादक? आज 'सतलुज' केवल एक फिल्म नहीं रही, वह भारतीय लोकतंत्र के आत्मविश्वास की परीक्षा बन गई है। प्रश्न यह नहीं कि फिल्म सही है या गलत। प्रश्न यह है कि क्या किसी विचार को जनता तक पहुंचने से पहले रोक देना लोकतांत्रिक परिपक्वता है, या वैचारिक असुरक्षा का संकेत है?




यदि कोई फिल्म तथ्यात्मक रूप से कमजोर है, तो उसका उत्तर प्रतिबंध नहीं, प्रमाण और तर्क होने चाहिए। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत नागरिकों की विवेकशीलता होती है, न कि विचारों पर लगाया गया पहरा। यदि इतिहास का कोई पक्ष अधूरा है, तो उसका उत्तर दूसरा पक्ष सामने रखना है, न कि पूरे विमर्श को बंद कर देना।

निस्संदेह, पंजाब का वह दौर केवल कथित मानवाधिकार उल्लंघनों का इतिहास नहीं था। वह आतंकवाद की विभीषिका, निर्दोष नागरिकों की हत्याओं, सुरक्षा बलों के असाधारण बलिदान और पूरे समाज की पीड़ा का भी इतिहास था, इसलिए किसी भी रचना का मूल्यांकन उसके संतुलन और तथ्यों के आधार पर होना चाहिए। किंतु आलोचना और असहमति का स्थान प्रतिबंध नहीं ले सकता।

यह प्रश्न किसी एक सरकार का नहीं है। सत्ता का रंग चाहे जो हो, लोकतंत्र की कसौटी हमेशा एक ही रहती है- क्या वह आलोचना और असहमति को सुनने का साहस रखती है? यदि इतिहास केवल वही रह जाएगा जो सत्ता को स्वीकार्य हो, तो इतिहास और प्रचार के बीच की रेखा धुंधली पड़ जाएगी।

उतनी ही जिम्मेदारी समाज की भी है। क्या हम बिना देखे, बिना पढ़े और बिना समझे निर्णय सुनाने वाली भीड़ बन चुके हैं? यदि हमारी राय तथ्यों के बजाय ट्रेंड और हैशटैग से तय होगी, तो लोकतंत्र की बौद्धिक नींव कमजोर पड़ जाएगी।

सतलुज का विवाद अंततः किसी एक फिल्म का नहीं, बल्कि हमारी लोकतांत्रिक चेतना का परीक्षण है। यह तय करेगा कि भारत अपने इतिहास के कठिन अध्यायों का सामना संवाद और विवेक से करेगा या असहमति से बचने के लिए स्मृतियों पर पहरा बैठाएगा। इतिहास पर ताला लगाने से सत्य समाप्त नहीं होता, वह और अधिक तीखे प्रश्नों के साथ लौटता है। लोकतंत्र की शक्ति प्रश्नों को दबाने में नहीं, बल्कि उनका उत्तर देने के साहस में निहित होती है। जिस दिन सत्ता प्रश्नों से डरने लगे और समाज प्रश्न पूछना छोड़ दे, उसी दिन लोकतंत्र संविधान के पन्नों में तो जीवित रहता है, पर नागरिकों की चेतना में क्षीण होने लगता है।

# शहर डूबने का सच : नाले नहीं, हमारी आदतें जाम हैं

-इंजी. कवि अतिवीर जैन 'पराग'



पांच या दस मिनट की थोड़ी तेज बारिश और पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। नाले और सड़कें पानी से लबालब हो जाती हैं। लगता है पूरी सड़क पर तालाब या नदी बह रही है। नालियां ओवर फ्लो हो जाती हैं। नालों और सड़कों का पानी लौटकर गलियों में आने लगता है। गली-मोहल्ले पूरे पानी में डूब जाते हैं। दो-दो फीट पानी भर जाता है। और तो और, निचली बस्तियों के अधिकतर मकानों में तो घरों के अंदर भी पानी भर जाता है। मेरठ, दिल्ली, मुंबई, पुणे, भोपाल, लखनऊ, कानपुर. हर शहर का यही हाल है। लोग परेशान हैं। क्या समाधान है? हर समस्या की जड़ आदमी है और समाधान भी आदमी ही है। जैसे ही जलभराव होता है, हम नगर निगम और निर्माण विभाग को कोसने लगते हैं- टूटे मैनहोल के लिए, भरे हुए नालों के लिए। पर हम भूल जाते हैं कि ये नाले-नालियां जो भरी हुई हैं, इन्हें नगर निगम वालों ने आकर नहीं भरा। हमने ही भरा है। दशकों से सरकार प्लास्टिक हटाओ की मुहिम चला रही है, पर सरकार कभी भी प्लास्टिक की पन्नी बनाने वाली फैक्ट्रियों को बंद नहीं करवाती। अब यह सरकार की महानता है या दोगलापन, आप तय करें। हर साल कुछ दिन पन्नी वालों के लिए सब्जी के ठेलों और दुकानों पर चैकिंग अभियान चलाया जाता है। टार्गेट पूरा होते ही यह अभियान ठप हो जाता है। फिर वही ढाक के तीन पात। सब कुछ वैसे ही चलता रहता है। पन्नियां ही नालों-नालियों के जाम होने और पानी भरने की मूल जड़ हैं। नगर निगम और नगर पालिका की जिम्मेदारी इन्हें साफ रखने की है। इसके लिए आप और हम बाकायदा टैक्स भी भरते हैं। अब इस समस्या से निपटने के लिए हमें खुद जागना होगा। बाजार जाते समय कपड़े का थैला या जूट का थैला ले जाना होगा। पन्नियों को बाय-बाय, टाटा कहना होगा। जब हम पन्नियां लेना बंद कर देंगे, तो दुकानदार खुद ही पन्नियों में सामान देना बंद कर देंगे। मेरी कई दुकानदारों से बात हुई है। वे कहते हैं, हम क्या करें, हर ग्राहक पन्नी में सामान मांगता है। कागज के लिफाफे में सामान लेने से मना करता है। नगर निगम और अन्य संस्थाओं को भी अपना काम पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। हर साल स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सरकार एक इंजन की हो, दो इंजन की या तीन इंजन की, कोई फर्क नहीं पड़ता। बादलों को थोड़ी पता है किसकी सरकार है। उन्हें तो बरसना ही है। हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम पन्नियों का उपयोग न करें। पन्नी में कूड़ा भरकर नालियों-नालों में न डालें। हम नालों और नालियों पर अतिक्रमण न करें, जिससे सफाईकर्मी आसानी से सफाई कर सकें। हमें खुद जागना होगा, तभी इस समस्या से निदान पाया जा सकता है। आप डूबे तो जग डूबा, आप उभरे तो जग उभरा।



**तो उभरो मेरे शहर के नागरिकों और समस्या से निदान पा लो।**

(लेखक : रक्षा मंत्रालय के पूर्व उपनिदेशक) (विभूति फीचर्स)

# गुरू सिंह सभा में श्रद्धापूर्वक मनाया गया संग्राद पर्व

**धामपुर ( चिंगारी )। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्राचीन एवं ऐतिहासिक संग्राद पर्व श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने गुरबाणी के अमोलक कीर्तन से संगत को निहाल करते हुए पर्व के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।**



शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर द्वारा जारी किए गए नानकशाही कैलेंडर के अनुसार बुधवार से गुरमुख परिवारों का श्रावण मास भी प्रारंभ हो गया है। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम में अखंड पाठ को श्रवण करने की नियमितता बनाए रखकर गुरुओं के उपदेशों और गुरबाणी के संदेशों के आधार पर जीवन को संचालित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सिख पंथ के महान शहीद भाई तारु सिंह जी का शहीदी दिवस भी श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने बताया कि सभी गुरुओं ने मानवता को सर्वोपरि मानते हुए सभी के प्रति एकता, प्रेम, भाईचारा और सद्भावपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया है। कार्यक्रम में सरदार अवतार सिंह, मोहन सरदार, जोगिंदरपाल सिंह मेहंदीरत्ता, सरदार राजेंद्र सिंह चावला, सरदार गुरुशरण सिंह मोहन, सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार हरपाल सिंह चावला, सरदार तनप्रीत सिंह मोगा, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, एसपी सलूजा, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार रविंद्र सिंह सीडाना, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला, सरदार गगनदीप सिंह चावला आदि का योगदान रहा।

# कांवड़ यात्रा की तैयारी, जोर-शोर से जारी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** प्रशासन श्रावण मास की कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जोर-शोर से डटा हुआ है। कांवड़ यात्रा के दौरान जहां बिजनौर-नांगल,मंडावली मार्ग से बड़ी संख्या में बसें तथा अन्य कांवड़ वाहन गुजरते हैं, वहीं नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग से भी काफी संख्या में निजी कांवड़ वाहन गुजरते हैं। कांवड़ यात्रा की तैयारियों के लिये प्रशासन हाई अलर्ट पर है। पीडब्ल्यूडी द्वारा क्षतिग्रस्त नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग पर पैचिंग कार्य किया जा रहा है। हालांकि केवल खानापूर्ति की जा रही है। सामाजिक वानिकी (वन विभाग) द्वारा नांगल-मंडावली मार्ग तथा नांगल-भागूवाला नहर मार्ग के किनारे खड़े पेड़ों की सड़क की ओर झुकी शाखाओं को काटा जा रहा है। उधर बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा और कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।



सड़क पर झुकी पेड़ की शाखाओं को काटता व्यक्ति

# गांव की गलियों में दौड़ रहे हैं मिट्टी से लदे डम्पर

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** पुलिस एवं राजस्व विभाग की सेटिंग के चलते खनन माफियाओं के मिट्टी से लदे ट्रैक्टर और डम्पर क्षेत्र के रतनपुर खुर्द हीमपुर दीपा के गली मोहल्ला और आम रास्तों पर खुलेआम दौड़ रहे हैं। उनका यह दौर सुबह सवेरे से दोपहर तक चलता। मिट्टी से लदे ट्रैक्टर को अधिकतर नाबालिग लड़के चला रहे हैं, जहां दुर्घटना की आशंका बनी है, वहीं सरकार को राजस्व हानि उठानी पड़ रही है। जागरूक लोगों ने दुर्घटना की आशंका जताते हुए शासन-प्रशासन के अधिकारियों से मांग है कि अगर बहुत ही जरूरी है तो मिट्टी से लदे ट्रैक्टर/डम्परों का संचालन आबादी से दूर चांदपुर-बिजनौर मार्ग से कराने के संबंध में निर्देशित किया जाये।



# लालटेन जलाकर गन्ने की फसल की रखवाली कर रहे किसान

## फिर भी नहीं थम रहा जंगली हाथियों का आतंक

**हरेवली ( चिंगारी )।** क्षेत्र के कई गांवों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाथियों के झुंड किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। सबसे अधिक नुकसान गन्ने की फसल को हो रहा है। रात के समय हाथी गन्ना खाकर और रौंदकर फसल को पूरी तरह नष्ट कर देते हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भगौता निवासी होशराम, सत्यपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मोहम्मद अली, मदन सिंह आदि किसानों का कहना है कि रात्रि में वे खेत के चारों ओर लालटेन जलाकर रखते हैं, तब कहीं जाकर गन्ने की फसल को किसी तरह बचा रहे हैं। कर्ज लेकर गन्ने की खेती की थी और अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन जंगली हाथियों ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई किसानों के खेतों में एक ही रात में कई बीघा गन्ना नष्ट हो गया। हाथियों के डर से किसान पूरी रात खेतों में जागकर पहरा देने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद हाथियों को रोक पाना आसान नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के गांवों के पास आने से जान-माल का खतरा भी लगातार बना हुआ है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलने में डर महसूस करते हैं। कई बार हाथी खेतों से निकलकर गांव की आबादी तक पहुंच जाते हैं, जिससे लोगों में दहशत फैल जाती है। किसानों ने वन विभाग से कई बार शिकायत कर हाथियों को आबादी और खेतों से दूर रखने की मांग की है। उनका कहना है कि केवल औपचारिक कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं होगा। हाथियों की नियमित निगरानी, प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और फसल क्षति का शीघ्र मुआवजा दिया जाना चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीमें हाथियों के आने की सूचना मिलने के बाद पहुंचती हैं, तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। किसानों ने मांग की है कि प्रभावित गांवों में स्थायी निगरानी दल तैनात किए जाएं, ताकि हाथियों को समय रहते जंगल की ओर वापस भेजा जा सके। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे हाथियों के आतंक ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।



# दरोगा के व्यवहार से बार एसोसिएशन में रोष, अधिकारियों ने की शिकायत

**बिजनौर ( चिंगारी )। शहर कोतवाली की पेदा चौकी प्रभारी दरोगा के अधिवक्ता से अभद्र व्यवहार करने से जिला बार एसोसिएशन में उबाल है। अधिवक्ताओं ने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। दरोगा के खिलाफ कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।**

गुरूवार को जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी अध्यक्ष चौधरी राजेन्द्र कुमार व पूर्व बार अध्यक्ष राजीव चौहान के नेतृत्व में काफी संख्या में अधिवक्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि कोतवाली शहर में तैनात दरोगा ब्राइट फ्लावर ने अधिवक्ता विवेक चौधरी निवासी ग्राम फरीदपुर भोगी के साथ 13 जुलाई को मोबाइल पर कॉल कर अभद्र व्यवहार किया तथा पूरे अधिवक्ता समाज का अपमान किया। अधिवक्ता के साथ दरोगा के अभद्र व्यवहार करने से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। अधिवक्ताओं ने एसपी अभिषेक झा से आरोपी दरोगा को निलंबित करने की मांग की। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान अनुज चौधरी, विनित चौधरी, मोहित कुमार, राहुल कुमार काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे दिव्यांग, बोले-पूरी करो हमारी मांग !

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की बैठक बृहस्पतिवार को विकास भवन बिजनौर में हुई, जिसकी अध्यक्षता मास्टर हृदयेश कुमार ने तथा संचालन जिला प्रभारी मास्टर अफजाल, राष्ट्रीय प्रभारी इकराम ठेकेदार, नाजिम मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान ने संयुक्त रूप से किया। दिव्यांगजन विकास भवन से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय व कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा।



अधिकारी को ज्ञापन देते हुए एम.आर. पाशा

इस अवसर पर राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाए तथा उन्हें संविदा पर रखा जाए, बैंक से लोन देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए, उपजिलाधिकारी चांदपुर कार्यालय दूसरी मंजिल पर है, उसे नीचे शिफ्ट किया जाए, जिससे दिव्यांगजनों को अपनी समस्या रखने में आसानी हो। दिव्यांगजनों को जो उनका आरक्षण है चार परसेंट उसको निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव, विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भी लागू किया जाए। आरक्षण बैकलॉग कोटा लागू किया जाए, दिव्यांगजनों की पेंशन 5000 हजार मासिक की जाए, दिव्यांग आयोग का गठन किया जाए तथा उसका अध्यक्ष दिव्यांग को ही बनाया जाए। जनपद बिजनौर के जिला उद्योग केंद्र एवं खादी ग्रामोद्योग पर दिव्यांगों के ऋण आवेदन मंजूर कर बैंकों को भेजे जाएं, सभी परिवहन चालक-परिचालक दिव्यांगों को देखकर बस नहीं रोकते, दिव्यांगों को देखकर बस रुकवाई जाने आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

# होर्डिंग लगे चारों ओर, योगीमय हुआ बिजनौर

## मौसम भैया ने बदल दिया शहर का मौसम

बिजनौर (चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत में बिजनौर ने पलक-पांवड़े बिछा दिये हैं। चारों ओर योगी जी के स्वागत में होर्डिंग लगाये गये हैं। मुख्यमंत्री जिन मार्गों से होकर गुजरेंगे, उन पर अनेक तोरण द्वार बनाये गये हैं। मुख्य रूप से सदर विधायक सुचि चौधरी और वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने तमाम शहर को होर्डिंग, बैनर और तोरण द्वारों से पाट दिया है।

मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरा। वहां से मुख्यमंत्री कार द्वारा नुमाइश चौक, जजी चौक, नजीबाबाद रोड होते हुए वर्धमान कॉलेज पहुंचे। इस पूरे मार्ग को भाजपा कार्यकर्ताओं और जिला प्रशासन ने दुल्हन की तरह सजाया है। विकास भवन से वर्धमान कॉलेज तक भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं। खूबसूरत होर्डिंग लगाये गये हैं। सदर विधायक तथा भाजपा नेता मौसम चौधरी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने रातभर होर्डिंग लगाये, जिससे शहर पूरी तरह योगीमय हो गया।

### योगी जी का आगमन हम सबका सौभाग्य- मौसम

भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री के रूप में श्री योगी आदित्यनाथ कई बार बिजनौर आ चुके हैं। योगी जी को बिजनौर से विशेष लगाव है। विदुर की धरती पर उनका आगमन हमारे लिये गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस दौरे से बिजनौर की प्रगति और विकास की गति को नये पंख लगेंगे।




उधर, नगर पालिका परिषद की ओर से नुमाइश ग्राउंड चौक पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के प्रतिमा स्थल को भव्य ढंग से सजाया गया है। पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह के दिशा-निर्देशन में नगर पालिका परिषद ने अन्य चौराहों को भी फूलों आदि से सजाया है।

### नगर पालिका ने चौराहों को सजाया



### होंगे खूब काम, क्षेत्र के विकास को मिलेंगे नये आयाम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बिजनौर सदर व चांदपुर विधानसभा क्षेत्र की एक हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की विशेष अनुकम्पा से बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुये हैं तथा आज हुये लोकार्पण व शिलान्यास से क्षेत्र के चहुमुंखी विकास को नये आयाम मिलेंगे।

### सुबह-तड़के, धो डाली सड़कें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत में जिला प्रशासन, नगर पालिका और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी। तड़के चार बजे से ही नगर पालिका और प्रशासन का अमला शहर की सफाई व्यवस्था में जुट गया था। पुलिस लाइन से वर्धमान कॉलेज तक सड़क की सफाई के साथ-साथ धुलाई भी की गई। साथ ही गड्ढों को भी भर दिया गया। हालांकि गड्ढे भरने के नाम पर लीपापोती की गई, क्योंकि गड्ढों में डाली गई बजरी हाथोंहाथ उखड़ने लगी थी।

# अंडरपास का निर्माण कार्य अधूरा देखकर आग बबूला हुये सांसद चंद्रशेखर

**नगीना (चिंगारी)।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद बृहस्पतिवार की शाम कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य के निरीक्षण करने के दौरान एक अलग अंदाज में नजर आए। अंडरपास कार्य के बार-बार रुकने से सांसद बेहद नाराज़ दिखाई दिए। उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों के समक्ष अंडरपास के अधूरे पड़े कार्य पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने पूछे गए सवाल का सही जवाब नहीं देने पर प्रॉजेक्ट मैनेजर की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने इस मामले की शिकायत एक बार फिर रेल मंत्री से करने की बात कही है। सांसद चंद्रशेखर आजाद बृहस्पतिवार की शाम करीब साढ़े छः बजे नगीना में कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य का निरीक्षण करने अपने काफिले के साथ पहुंच गए थे। उन्होंने अंडरपास के कार्य को देख रहे प्रोजेक्ट मैनेजर से जब उसकी धीमी गति के कार्य के बारे में पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, इस पर सांसद आग बबूला हो गए। उन्होंने वहां मौजूद प्रोजेक्ट मैनेजर से जब कार्य की प्रगति के बारे में बारीकी से जानकारी करनी चाहिए तो उसके खराब व्यवहार पर उन्होंने उसे जमकर हड़काया। उन्होंने इस मामले की शिकायत डीआरएम व रेल मंत्री से करने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि नगीना में करीब डेढ़ साल से अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य व कोतवाली मार्ग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज के नहीं बनाए जाने के मामले को वह इस बार संसद में प्रमुखता से उठाएंगे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, रोहित सागर, परवेज पाशी,दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।



### स्थानीय नागरिकों का जीवन नरक बना

नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद जब अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य का निरीक्षण कर रहे थे तो स्थानीय लोगों ने उनके सामने इस समस्या को प्रमुखता से एक बार फिर रखा। उन्होंने सांसद से कहा कि इस अंडरपास के अधूरा पड़े होने तथा नगीना-कोतवाली मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के बूम के बार-बार टूटने से लाइन पार रहने वाले लोगों का जीवन नरक बन गया है।

### प्रोजेक्ट मैनेजर के अटपटे जवाब पर भड़के सांसद

**सांसद चंद्रशेखर ने वहां मौजूद प्रोजेक्ट मैनेजर से जब वर्तमान में हो रहे कार्य के बारे में पूछा तो उसके अटपटे जवाब ने उनका मूड खराब कर दिया। सांसद ने पूछा कि इस कार्य के बारे में आप मुझे बताइए, तो उसने कहा कि इसमें मैं क्या बताऊं। फिर क्या था, सांसद का गुस्सा सिर पर चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही उसकी जमकर क्लास लगाई तथा बातचीत करने का सही सलीका सीखने की सलाह भी दे डाली।**

**वहां मौजूद मीडिया कर्मियों ने भी सांसद से प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा फोन पर माकूल व संतोषजनक जवाब न देने की शिकायत की। सांसद ने कहा कि वह इस बार इस सारे मुद्दे को न केवल संसद में उठाएंगे, बल्कि देश के रेल मंत्री के समक्ष भी जोरदार ढंग से रखेंगे।**

PULKIT MEMORIAL HOSPITAL
(A Unit of Pulkit Memorial Charitable Trust)
WE ARE HIRING
OPEN POSITIONS
Emergency Medical Technician
B.EMT (Bachelor of Emergency Medical Technology)
Optometrist
B.OPTOM / B.Sc. Optometry
Dental Technician
Diploma in Dental Technician
X-Ray Technician
Degree/Diploma
RMO (Female)
B.H.M.S. / B.A.M.S.
Staff Nurse
GNM/B.Sc. Nursing
General Duty Assistant (GDA)
12th Pass
Priest/Pandit Ji
Favorable Academic Abilities
Experience 0-2 Years
Interview Time 11 AM to 4 PM
Pulkit Memorial Hospital offers attractive salary, benefits and also provides opportunity for academic development & professional excellance.
Apply Now 92860 88370
hrpulkitmemorial@gmail.com
Bairaj Road, Bijnor (U.P.)

NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश / विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन: कजाखस्तान, रूस, जॉर्जिया, किर्गिजस्तान, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल & More...
अंजुम कलीम (एम.डी.)
M.B.B.S.
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
15+ YEARS OF EXPERIENCE
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन | एडमिशन गाइडेंस | डॉक्युमेंटेशन सपोर्ट | वीजा प्रोसेसिंग | ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
SCAN ME!
आपका सपना, हमारी ज़िम्मेदारी!

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272941221 7505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# नजीबाबाद में तापमान की तरह बढ़ती जा रही सियासी गर्मी

## एक के बाद एक राजनीतिक घटनाक्रम से राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद में विधानसभा चुनाव के काफी पहले से ही सियासी गर्मी बढ़ती जा रही है। एक के बाद एक घटनाक्रम से राजनीतिक हलकों में चुनाव की चर्चा काफी तेज हो गई है। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच अब सभी दल अपनी चुनावी रणनीति को नये सिरे से तैयार करने में जुट गये हैं। ऐसे में नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में चुनाव में मुकाबला पहले से अधिक दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है।

विधानसभा चुनाव में अभी काफी महीने का समय है। मगर नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियां काफी तेज कर दी हैं। कई माह पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम एडवोकेट सपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए थे, जिसके बाद अबरार आलम के नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की पूरी संभावना थी। मगर इसके बाद अबरार आलम के बसपा छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल होने से नजीबाबाद में सियासी समीकरण बदले नजर आए थे। पिछले दिनों ऑल इंडिया मजालिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असद्दीन औवेसी द्वारा अपने संबोधन में नजीबाबाद के विकास का जिक्र करते हुए विधायक हाजी तसलीम अहमद पर कटाक्ष करने से सियासी पारा काफी बढ़ गया था, इसकी शहर में काफी चर्चा रही थी। एआईएमआईएम की नजीबाबाद जनसभा सफल होने से इस पार्टी से नजीबाबाद विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले दावेदार काफी खुश थे। मगर अभी घटनाक्रम को कुछ ही समय बीता था कि एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव अब्दुल्ला गुलजार कासमी के पार्टी छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल होने से एक बार फिर यहां सियासी गर्मी काफी तेज हो गई। इससे एआईएमआईएम को काफी बड़ा झटका लगा।

नजीबाबाद में आजाद समाज पार्टी में मुस्लिम नेताओं के तेजी के साथ शामिल होने से आसपा का कुनबा लगातार बढ़ने से विपक्षी दलों खासकर समाजवादी पार्टी के संभावित वोट बैंक पर असर पड़ने से चर्चाएं तेज हो गई हैं। नजीबाबाद विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी दल से चुनाव लड़ने के लिए दावेदारों की लम्बी फेहरिस्त होने तथा आजाद समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी से भी चुनाव लड़ने के काफी संख्या में इच्छुक दावेदारों की संख्या बढ़ने से नजीबाबाद विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है।

### कांग्रेस ने भी मांगे आवेदन, कई नेता टिकट के दावेदार

**नजीबाबाद विधानसभा में सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने चुनाव के लिए आवेदन मांगे हैं। इस सीट से कांग्रेस के टिकट के लिए कई दावेदार हैं। जिनमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, अनीस विसाल अंसारी, डॉ. आजाद बेग, नसीम अंसारी, अमजद सिद्दीकी आदि शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ेगी। साथ ही नजीबाबाद विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी को जाने की पूरी संभावना है। अगर ऐनवक्त तक गठबंधन कायम नहीं रहता या सीट कांग्रेस के खाते में जाती है तो इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस के भी उक्त नेता इच्छुक हैं।**




# कपड़े की दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

**झालू ( चिंगारी )।** नगर के पुराना डाकखाना रोड मुख्य बाजार में स्थित एक दुकान में अचानक आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया। आग लगने के सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। यह घटना उस समय घटी जब दुकानदार आधा शटर डालकर घर गया हुआ था। आग लगने से दुकान में रखे लेडीज सूट समेत अन्य कपड़े और फर्नीचर जलकर राख हो गए। हालांकि स्थानीय लोगों की सतर्कता और त्वरित प्रयास से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार, मुस्लिम फंड झालू के सामने स्थित इस्लाम क्लॉथ हाउस से धुआं निकलता देख वहां से गुजर रहे एक राहगीर को संदेह हुआ। उस समय दुकान का शटर आधा बंद था। राहगीर ने तुरंत पड़ोसी दुकानदार को इसकी सूचना दी। दोनों ने मिलकर शटर खोला तो अंदर आग लगी हुई थी। इसके बाद उन्होंने तत्काल पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। साथ ही दुकान स्वामी मोहम्मद इस्लाम को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही मोहम्मद इस्लाम मौके पर पहुंचे और दुकान में बचा हुआ सामान सुरक्षित बाहर निकलवाया। उन्होंने बताया कि उनका बेटा दोपहर करीब 12:30 बजे दुकान का आधा शटर बंद कर घर गया था। उसके कुछ समय बाद यह हादसा हो गया। आग लगने से दुकान में रखा कपड़ा और फर्नीचर जल गया, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान स्वामी मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि आग लगने का कोई स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है।

# हर्षित धनराज ने बिना कोचिंग नीट परीक्षा उत्तीर्ण की

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना के सुरेंद्र पाल सिंह के पुत्र हर्षित धनराज ने आल इंडिया नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। खबर सुनकर परिवारजनों में खुशी का ठिकाना ना रहा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय पार्षद रोहित रवि एवं पूर्व विधायक सतीश गौतम ने हर्षित को मिठाई खिलाकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का स्मृति चित्र भेंट किया। रोहित रवि ने कहा कि बिना कोचिंग के हर्षित ने यह नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह न केवल नगीना के लिए बल्कि समस्त जनपद के लिए गर्व की बात है। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम, रोहित रवि, सुरेंद्रपाल सिंह एडवोकेट, विश्वास राव, सुगम चंद एवं स्थानीय लोग बधाई देने के लिए पहुंचे।






# पिस्टल के साथ वीडियो वायरल करने वाला युवक जेल गया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पिस्टल के साथ फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद किरतपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर एक युवक का पिस्टल के साथ फोटो एवं वीडियो वायरल हुआ था। मामले का संज्ञान लेते हुए थाना किरतपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहल्ला वलीपुरा/अफगानान निवासी मुस्य्यब पुत्र स्वर्गीय गजंफर को एक अवैध 32 बोर पिस्टल तथा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना किरतपुर पर आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मुस्य्यब के विरुद्ध पहले से भी थाना किरतपुर में विभिन्न धाराओं के सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# अलीना शरीफ ने पास की नीट परीक्षा

## बनेंगी एमबीबीएस चिकित्सक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला नेजो सराय निवासी शरीफ अहमद की पुत्री अलीना शरीफ ने कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और नियमित अध्ययन के बल पर राष्ट्रीय पात्रता सहप्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में प्रवेश सुनिश्चित किया है।



जानकारी के अनुसार अलीना शरीफ क्षेत्र के अगवानपुर स्थित नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा रही हैं। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक ठाकुर सूर्यकांत सिंह ने इसे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि अलीना की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और निरंतर मेहनत से हर विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य रचना चौहान सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अलीना को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अलीना शरीफ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधन, गुरुजनों और निरंतर किए गए परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने के लिए नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और धैर्य सबसे महत्वपूर्ण है।

# कार की चपेट में आकर मां-बेटा घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )। नेशनल हाईवे पर कार की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गए। उन्हें उपचार हेतु धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जसपुर (उत्तराखंड) के मुहल्ला लकड़ी मंडी निवासी सुल्तान अहमद अपनी पत्नी राबिया और 10 वर्षीय पुत्र आफताब के साथ बृहस्पतिवार की शाम अपनी रिश्तेदारी में नगीना जा रहे थे। जब ये सिंगाई की पुलिया के निकट पहुंचे तो पीछे से तेज गति में आयी कार की चपेट में आकर बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे कच्चे में जाकर पलट गई, जिससे बाइक सवार राबिया और आफताब घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर आये राहगीरों ने दोनों घायलों को उपचार हेतु धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भेज दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

## Information

In Shool record of my daughter Aniya Sheikh My Husband's name Mohammed Asif is wrongly entered as Mohd Asif. His correct name is Mohammed Asif and my daugher name is Aniya Sheikh And My name is Shahnaz Praveen is wrongly entered as Shanaz Parveen. My correct name is Shahnaz Parveen and my daughter name is Aniya Sheikh

Shahnaz Parveen w/o Mohammed Asif R/0 Harshwadam Najibabad. Bijnor, Uttar Pradesh-246763

# लेंटर का मलवा गिरने से महिला और तीन बच्चे घायल

**किरतपुर ( चिंगारी )।** बीती रात मोहल्ला कस्सावान में एक मकान के लेंटर का मलवा गिरने से नीचे सो रही एक महिला व उसके तीन छोटे बच्चे घायल हो गये। अजीज कुरैशी के मकान के लेंटर का मलवा लगभग 12 बजे अचानक गिर गया, जिससे परिवार में हाहाकार मच गया। घायल महिला अंजुम (40 वर्ष) पुत्री दरखास (7 वर्ष), अदीब (9 वर्ष) तथा सिफान (8 माह) घायल हो गये। उनके सिर पर चोट लगी। उन्हें रात्रि में ही प्राइवेट डॉक्टर को दिखाया, जहां पर उनकी मरहम पट्टी हुई। तीनों खतरे से बाहर हैं।



# वीर सिंह को हाउस अरेस्ट किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बिजनौर जाने से रोकने के लिए पुलिस ने शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट किया। शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर आज बिजनौर जाकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना था। रात लगभग 10 बजे पुलिस चौ. वीर सिंह के ग्राम बागड़पुर स्थित आवास पर पहुंची तथा उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया।



# मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के स्टोर में हुई चोरी का पर्दाफाश

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ में फोरलेन हाईवे किनारे स्थित मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के गोदाम से 8/9 जुलाई की मध्यरात्रि हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए रेहड़ पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी व चोरी हुए सामान सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है जबकि प्रकाश में आए 5वें व्यक्ति की तलाश जारी है। डेढ़ सप्ताह पहले हुई इस चोरी की वारदात से रेहड़ पुलिस में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने इस चोरी को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए गोदाम मैनेजर जनपद सुल्तानपुर निवासी देवेंद्र कुमार मिश्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर 5 टीमें गठित कर घटना के खुलासे के प्रयास तेज कर दिए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा के मुताबिक इस कंपनी के गोदाम के पास ही बीती रात एक पिकअप गाड़ी व चोरी हुए माल सहित 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया जिन्होंने अपने नाम आफताब अली पुत्र मौ. अली निवासी ग्रीन पार्क रूद्रपुर, उदय पुत्र चंद्रपाल निवासी गदरपुर, हरेंद्र पुत्र मनोहर लाल निवासी सतुईया थाना पुलबट्टा किच्छा व इशरत उर्फ निक्की पुत्र हबीब निवासी ग्राम हजरतपुर थाना बिलासपुर रामपुर को गिरफ्तार किया गया।

# चेक बाउंस के आरोपी को 6 माह की सजा, 5 लाख रुपए का जुर्माना भी

**बिजनौर ( चिंगारी )। एडिशनल कोर्ट के न्यायाधीश सुंदरलाल ने चेक बाउंस के आरोपी जयप्रकाश को 6 माह का कारावास एवं 5 लाख अर्थ दंड की सजा सुनाई है।**

परिवादी के अधिवक्ता कुलदीप सिंह एडवोकेट के अनुसार, चौहान ट्रैक्टर एजेंसी चांदपुर के प्रोपराइटर बृजेश कुमार ने एडिशनल एडिशनल कोर्ट में दाखिल परिवाद में कहा था दिसंबर 2018 के तीसरे सप्ताह में जयप्रकाश निवासी ग्राम खानपुर मानक थाना नगीना जिला बिजनौर उसके पास आया तथा उसने 50 हॉर्स पावर का ट्रैक्टर पसंद किया जो 6,49,600 रुपए की कीमत में बेचने की बात हुई, उसके बाद 27 दिसंबर 2018 को वह फिर आया तथा कहा कि उसने बैंक में लोन आवेदन कर दिया है उसका उसका लोन 15 दिन में स्वीकृत हो जाएगा। उसे ट्रैक्टर की तुरंत आवश्यकता है। उसे ट्रैक्टर दे दिया जाए। उसकी बात पर विश्वास कर उसे ट्रैक्टर डिलीवर कर दिया गया। इस समय उसने 35 हजार रुपए रुपए जमा किए और ट्रैक्टर लेकर चला गया। उसके बाद जयप्रकाश ने बार-बार बकाया धनराशि के लिए टाल मटोल किया तथा ट्रैक्टर की कुल धनराशि में से मार्च 2021 तक उससे 2 लाख 61000 रुपए कुल प्राप्त हुए तथा 3 लाख 88 हजार शेष रह गए। बार-बार तकाजा करने पर उसने 8 अगस्त 2022 को बकाया धनराशि में से 3 लाख 60 हजार रुपए का चेक दिया, यह चेक उसने ट्रैक्टर एजेंसी के खाते में जमा किया जो उसके खाते में पर्याप्त धनराशि नहीं होने के कारण 31 अगस्त 2018 को बाउंस हो गया। नोटिस देने पर भी उसने चेक की धनराशि परिवादी को नहीं दी तो परिवादी ने चेक बाउंस का केस जयप्रकाश के विरुद्ध दायर किया। इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर पाया कि चेक की धनराशि का चेक बाउंस हुआ है। कोर्ट ने चेक बाउंस का दोषी पाते हुए जयप्रकाश को 6 माह की सजा एवं 5 लाख के अर्थ दंड की सजा सुनाई तथा आदेश दिया कि की अर्थ दंड राशि में से 4 लाख 70 हजार रुपए चौहान ट्रैक्टर के प्रोपराइटर बृजेश कुमार को दिए जाएं तथा 30 हजार रुपए राज्य सरकार के खाते में जमा किए।





# मां ने काम में हाथ बटाने की सलाह दी तो ..
# बेटे ने आत्महत्या कर ली

**बढ़ापुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक अविवाहित युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन-लीला समाप्त कर ली। युवक द्वारा सुसाइड करने का कारण सिर्फ इतना सा रहा कि मां ने उसे घर के काम में हाथ बटाने की सलाह दी थी।**

थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी वींरेंद्र के पुत्र सचिन (32 वर्ष) ने गुरुवार की रात अपने घर के कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतक सचिन ऋषिकेश में किसी फैक्ट्री में कार्य करता था। पिछले सप्ताह ही वह ऋषिकेश से अपने घर वापस आया था ।मृतक के घर पर मकान निर्माण का कार्य चल रहा था। गांव मे चर्चा है कि सचिन जब से ऋषिकेश से घर वापस लौटा था तभी से वह अधिकतर समय घर पर सोने में गुजार रहा था ।गुरुवार को सचिन की मां ने उसे हर समय सोने की जगह घर के काम में हाथ बटाने की सलाह दी थी। बताया जाता है कि अपनी मां की यह सलाह उसे इतनी नागवार गुजरी कि उसने बिना कुछ सोचे-समझे फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही बढ़ापुर पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक ने गुस्से में आकर, हालत बिगाड़ी जहर खाकर

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के एक नर्सिंग होम मे काम करने वाले युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। शुक्रवार को नगर में स्थित एक नर्सिंग होम में कार्य करने वाले मनीष पुत्र रनजीत निवासी धींगरपुर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर अपने साथ नर्सिंग होम मे काम करने वाले आशु को फोन किया। आशु ने मौके पर जाकर देखा तो वह अचेत अवस्था मे पड़ा हुआ था। आशु ने मनीष को सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि उसकी स्थिति मे सुधार है लेकिन उसे हायर सेंटर रैफर किया जा रहा है। जहरीला पदार्थ सेवन करने का कारण मनीष से पूछा तो उसने बताया कि गुस्सा आ गया था। पुलिस मामले की जांच मे जूटी है।

# दुनिया भर के अमन पसंद लोगों के रोल मॉडल हैं खामेनेई - मौलाना सिब्ते हैदर




**शेरकोट ( चिंगारी )। शिया समुदाय के लोगों द्वारा आयोजित की गई मजलिस मे कर्बला में हुई इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद किया गया और ईरान के सुप्रीम लीडर सैय्यद अयातुल्ला अली हुसैनी खामेनेई को खिराजे अकीदत पेश करते हुए दुआएं मगफिरत की गई।**

मुहल्ला खुराड़ा सादात स्थित इमामबाड़ा में कल रात बाद नमाज़े ईशा अंजुमन गुंचाए पंजैतनी के तत्वावधान में हुई मजलिस को खिताब करते हुए ईरान से तशरीफ़ लाए मौलाना सिब्ते हैदर ने कहा कि सारी दुनिया में ईरान केवल एक अकेला ऐसा मुल्क है जो अन्याय और आतंकवाद के खिलाफ इजरायल, अमेरिका, यहूदियों और ईसाईयों का मुकाबला कर रहा है। उन्होंने कहा तारीख़ गवाह है कि ईरानियों ने कभी जुल्म या अन्याय के आगे अपना सिर नही झुकाया है। कर्बला में हुई जंग इसकी मिसाल है।उन्होंने कहा कि इजरायल और अमेरिका के हमले में शहीद हुए आयतुल्ला खामेनेई सिर्फ शिया या ईरानियों के सुप्रीम लीडर नही थे, बल्कि वे पूरी दुनिया के अमन पसंद इंसानों के लिए रोल माडल है। उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। मौलाना की तकरीर से शिया समुदाय के लोगों की आंखें नम हो गई और इमामबाड़ा लब्बेक या खामेनेई,लब्बेक या खामेनेई के नारे से गूंज उठा। अहतैशाम ज़ैदी की सदारत और काज़िम रज़ा की निजामत में हुई मजलिस में आरिफ रज़ा, महमूद ज़ैदी,सालिम रज़ा,जमाल हैदर, निसार हैदर, इमरान हैदर, हादी रज़ा,आहिल रज़ा, हैदर अब्बास, अली हसनैन आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

# मंदिर में बकरे की बलि, ग्रामीणों में मची खलबली

**नहटौर ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम नसीबपुर में मंदिर परिसर में कथित तौर पर बकरे की बलि दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व डर का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।**

**पुलिस से कार्रवाई की मांग**

जानकारी के अनुसार ग्राम नसीबपुर निवासी गजेंद्र सिंह, सोमवीर सिंह, रुपचन्द्र सिंह, सुनील कुमार, शीशराम सिंह, नरेश कुमार, हरपाल सिंह, चरन सिंह तथा विजय कुमार सहित थाने पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक प्राचीन शिव मंदिर स्थित है, जहां माता चामुंडा का भी पवित्र स्थान है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीती रात करीब 12 से 1 बजे के बीच गांव के ही भीष्म और उसके परिवार के सदस्यों ने माता चामुंडा के स्थान पर एक बकरे की बलि चढ़ा दी। सुबह जब ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी हुई, तो पूरे गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि पवित्र मंदिर परिसर में इस तरह का कृत्य किए जाने से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। साथ ही, गांव में किसी अनहोनी की आशंका को लेकर लोग डरे और सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कर धार्मिक स्थल की पवित्रता भंग करने व शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने
के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# मजार पर प्रसाद चढ़ाने आई युवती से छेड़छाड़

**चांदपुर ( चिंगारी )।** अपनी मां के साथ मजार पर प्रसाद चढ़ाने के लिए आई युवती ने मजार पर मौजूद दूसरे सम्प्रदाय के व्यक्ति पर उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर विहिप कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने बताया कि वह गुरुवार की दोपहर को अपनी मां के साथ चांदपुर के मुहल्ला सरायरफी फीना कालोनी स्थित मजार पर प्रसाद चढ़ाने के लिए आई थी। उसकी मां पानी लेने के लिए चली गई, इस दौरान वहां मौजूद अनवार पुत्र इकबाल अहमद ने पहले उससे मजार पर दीपक जलवाया तथा बाद में उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने इसका विरोध करते हुए इस बारे में अपनी मां से बताया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने अनवार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। विहिप नगर अध्यक्ष मंजीत चौधरी, कपिल गोयल, पवन चौधरी आदि ने थाने पहुंच कर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की।

# सेंट पीटर्स स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन






**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कक्षा प्रथम से तृतीय तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कक्षा चतुर्थ एवं पांच के विद्यार्थियों के लिए स्प्रे पेंटिंग प्रतियोगिता, कक्षा छ से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता, तथा कक्षा नौ एवं दस के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं वाक-कौशल के विकास हेतु भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## हरिद्वार से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव तंगरौला निवासी युवक वासु सिंह (23) पुत्र सोमवीर सिंह हरिद्वार में रहकर किसी कम्पनी में काम करता था। बीती रात वह बाइक द्वारा हरिद्वार से घर वापस लौट रहा था। जब वह क्षेत्र के गांव कुंडा खुर्द के पास पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।


मृतक का फ़ाइल फ़ोटो

# कन्या सुरक्षा मिशन की सभा हुई



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम लदुपुरा में भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन की एक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें दो बच्चों को पठन-पाठन के लिए गोद लिया गया और सर्वसम्मति से प्रांशु कुमार पुत्र मुकेश कुमार ग्राम लदुपुरा को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। सभा में भारी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चिकारा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक जोगेंद्र सिंह चिकारा ने समाज में फैल रही बुराइयों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने और नशा मुक्त समाज बेटियों की सुरक्षा तथा बेटों को चरित्रवान बनाने पर जोर दिया।

# 15 अगस्त को लगेगा भव्य तीज मेला



**चांदपुर ( चिंगारी )।** महिला अग्रवाल सभा की बैठक में 15 अगस्त को हिन्दू इंटर कालेज में भव्य तीज मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष श्रीमती नीरु गुप्ता की अध्यक्षता एवं मधुर गुप्ता के संचालन में आयोजित बैठक का शुभारंभ श्रीमती विजय अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। बैठक में सुधा मित्तल, शशि मित्तल, रति अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, साधना सिंघल, नेहा, मनिका, मीनाक्षी, वैशाली और पूजा आदि सदस्या उपस्थित रहीं।

# महाराज जी ने कई दिन तक किया एक पैर पर खड़े होकर अनशन

## ⏭ सड़क बनवाने की मांग ⏭ तहसीलदार ने अनशन तुड़वाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम कुलचाना में देव स्थल को जाने वाले रास्ते व चहारदीवारी का निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से एक पैर पर खड़े होकर अनशन कर रहे सुभारीदास महाराज ने तहसीलदार के आश्वासन पर अपना अनशन समाप्त कर दिया। क्षेत्र के ग्राम कुलचाना स्थित देवस्थल में रहने वाले सुभारीदास महाराज रेलवे फाटक से देव स्थल तक की सड़क बनाये जाने तथा देव स्थल की चहारदीवारी का निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से एक पैर पर खड़े होकर अनशन कर रहे थे। गुरुवार को तहसीलदार ओमकार सिंह वहां पहुंचे तथा अनशन कर रहे महाराज जी से बात की तथा उनकी मांग उच्चअधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया, तहसीलदार के आश्वासन पर महाराज जी ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। इस अवसर पर लेखपाल अनिल कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, चौ. अजयपाल सिंह,चौ सुनील कुमार, छत्रपाल सिंह, बिट्टू सिंह, समरपाल सिंह, बंटी सिंह, भोलू आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।



# ए.आई. वर्कशाप आयोजित की



**चांदपुर ( चिंगारी )।** वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डे के अवसर पर द हेज़लमून स्कूल में कक्षा V के विद्यार्थियों के लिए विशेष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी गई। उन्हें बताया गया कि आज के समय में एआई का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार तथा दैनिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। यह वर्कशॉप विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं भविष्य की तकनीकों से परिचित कराने वाली सिद्ध हुई। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा पाल ने किया।

# 21 से 29 जुलाई तक मनाया जायेगा अष्टान्हिका पर्व

**किरतपुर ( चिंगारी )।** वर्ष में तीन बार मनाया जाने वाला अष्टान्हिका पर्व 21 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक विधि विधान के साथ उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। अष्टान्हिका पर्व के बारे में जानकारी देते हुए अनिल जैन बताते हैं कि यह पर्व फाल्गुन, आषाढ़ और कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक मनाया जाता है। इस पर्व में सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं नंदीश्वर द्वीप की पूजा का विशेष रूप से आयोजन किया जाता है। अष्टान्हिका पर्व में ऊर्ध्वलोक में विराजमान देवता गण अपने निवास स्थानों से निकल कर नंदीश्वर द्वीप में स्थित आकृतिम जिनालयों में जाकर साक्षात रूप से पूजन कर उत्सव मनाते हैं। मध्यलोक में रहने वाले मनुष्य साक्षात रूप से नंदीश्वर द्वीप की पूजा नही कर सकते हैं, इस लिए मध्य लोक के मनुष्य मध्यलोक में स्थित जिन चैत्यालयों में नंदीश्वर द्वीप की रचना बनी होती है, वहां पहुंच कर नंदीश्वर द्वीप की पूजा कर अपने को धन्य करते हैं। आषाढ़ मास में एक हिंदी तारीख अधिक होने के कारण यह पर्व 9 दिन तक मनाया जाएगा।


अनिल जैन

# भाकियू की महापंचायत को सफल बनाने की अपील



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर की मासिक पंचायत में 21जुलाई को जिला मुख्यालय पर होने वाली महापंचायत में पहुंचने का आह्वान किया गया। डाक बंगला चांदपुर में तहसील अध्यक्ष नितिन राणा की अध्यक्षता एवं विकास चौधरी के संचालन में आयोजित पंचायत में 21जुलाई को जिला मुख्यालय पर होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए गांव गांव जाकर लोगों से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। पंचायत ने भाकियू के प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह, जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह, सोमपाल सिंह, चौधरी यशवीर सिंह, मास्टर रोहतास सिंह, रागिव मलिक, नगर अध्यक्ष बब्बू खान, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, नेपाल प्रधान जी हकीमुद्दीन, मनोज शर्मा, राजीव कुमार, सदाकत हुसैन, मैंराजू प्रधान, सुधांशु चौधरी, राहुल चिकारा, चौधरी लुधियान सिंह, मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ आदि सैकड़ो लोग पंचायत में उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से चौकीदार की मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )। आज सुबह चांदपुर-धनौरा रोड पर वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम सूंदरा निवासी जागेश कुमार ( 45 वर्ष ) चांदपुर में किसी व्यापारी के यहां चौकीदारी का करता था। आज सुबह जागेश साइकिल से अपने घर जा रहा था। चांदपुर-धनौरा रोड पर ग्राम अलावलपुर के पास वाहन द्वारा टक्कर मार दिये जाने से जागेश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर किसी वाहन की नम्बर प्लेट भी पड़ी मिली। पुलिस जांच-पड़ताल में लगी हुई है।**

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ़्तार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुर गदाई में हुए जान लेवा हमले का वांछित आरोपी विशेष पुत्र रमेश पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस द्वारा 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। विवाद उस समय हुआ जब 8 जुलाई 2026 को सुभाष पुत्र धूम सिंह दुकान पर जा रहा था। रास्ते में अचानक आरोपियों ने हमसाज होकर उसे घेर कर पकड़ लिया और लाठी डंडे व धारदार हथियारों से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा, जिसके कारण कई लोग बुरी तरह चोटिल हो गए थे। सोमेंद्र सिंह द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई थी, जिसमें आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।



# चारधाम में फर्जी जज बनकर घूमने वालों को दो-दो साल की सजा

## देवर हत्याकांड में दोषी को उम्रकैद  रुद्रप्रयाग की अदालतों के दो अहम फैसले

**देहरादून /रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** चारधाम यात्रा के दौरान खुद को उत्तर प्रदेश का सिविल जज बताकर सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग करने वाले दो आरोपियों को रुद्रप्रयाग की अदालत ने दो–दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, बहुचर्चित देवर हत्याकांड में नेपाली नागरिक अतवारू थारू को आजीवन कारावास और 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

अभियोजन के अनुसार वर्ष 2024 की चारधाम यात्रा के दौरान गुप्तकाशी पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार में सवार लोग स्वयं को उत्तर प्रदेश का न्यायिक अधिकारी बताकर सरकारी रुतबे का इस्तेमाल कर रहे हैं। जांच में चालक अविनाश मोहन गुप्ता ने खुद को लखनऊ का सिविल जज बताया, जबकि साथ में मौजूद महिला ज्योति दुबे ने भी न्यायिक अधिकारी होने का दावा किया।

पुलिस द्वारा मांगे गए पहचान पत्र संदिग्ध पाए गए। तलाशी के दौरान वाहन से उत्तर प्रदेश शासन के बोर्ड, फ्लैश लाइट, हूटर, तिरंगा झंडा और 17 मोबाइल फोन बरामद हुए। जांच में दोनों के फर्जी न्यायिक अधिकारी बनकर सरकारी सुविधाओं का अनुचित लाभ लेने की पुष्टि हुई।

मामले में 15 गवाहों और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर सुनवाई के बाद



सिविल जज (सीडी)/जेएम अभिजीत कुमार की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए दो–दो वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक लोक अभियोजक प्रमोद चंद्र आर्या ने कहा कि यह फैसला सरकारी पद का फर्जीवाड़ा कर कानून को गुमराह करने वालों के लिए कड़ा संदेश है।

दूसरे मामले में रुद्रप्रयाग के बहुचर्चित देवर हत्याकांड में जिला एवं सत्र न्यायालय ने नेपाली नागरिक अतवारू थारू (34) को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 40 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार 13 मार्च 2025 को गुप्तकाशी थाना क्षेत्र के देवर गांव में सड़क निर्माण कार्य के दौरान नेपाली मजदूरों के बीच विवाद हो गया था। इसी दौरान अतवारू थारू ने अपने सहकर्मी शीतल उर्फ संतोष ओली के सिर पर बेलचे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शीतल की अगले दिन उपचार के दौरान मौत हो गई।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीना अग्रवाल की अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ हत्या का आरोप संदेह से परे सिद्ध करने में सफल रहा, जिसके आधार पर दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

## कोटद्वार में धूमधाम से मनाया गया हरेला पर्व

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का पर्व हरेला धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विद्यालयों व अन्य स्थानों पर पौधारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस क्रम में पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित मालिनी वैली कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में कॉलेज के अध्यक्ष योगम्बर सिंह के निर्देशन में विभिन्न प्रजाति की 60 पौधे रोपित की गई। इस दौरान कॉलेज की निदेशिका श्वेता रावत ने सभी को अपनी जीवनशैली पुनः प्राकृतिक रूप से जीने की प्रेरणा दी। प्रभारी प्राचार्या डॉ. प्रभा जोशी ने हरेला पर्व के इतिहास के बारे में जानकारी दी। एमकेवीएन ग्रुप आफ स्कूल्स में भी हरेला पर्व के अवसर पर पौधारोपण किया गया। नगर पालिका परिषद दुगड्डा के सभी पार्षदों, कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने नगर क्षेत्र में पौधारोपण किया। नगर निगम कोटद्वार द्वारा महापौर शैलेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में वार्ड संख्या 28, नींबूचौड़ स्थित महादेव क्रिकेट ग्राउंड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संदेश देते हुए सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौध लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने वन विभाग एवं वीर चंद्र सिंह गढ़वाली भाबर मंडल भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में मालन नदी तट स्थित मालन धाम में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शीशम का पौधा रोप कर कार्यक्रम का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि हरेला उत्तराखंड की लोक संस्कृति, प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक पर्व है।

## आईएचएमएस ने राजकीय इंटर कॉलेज में किया डिजिटल उड़ान कार्यशाला का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आइएचएमएस) द्वारा उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन के सहयोग से राजकीय इंटर कॉलेज सुखरो, कोटद्वार में डिजिटल उड़ान कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अपने ऑनलाइन संबोधन में कार्यक्रम में यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा डिजिटल तकनीकों का रचनात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। यूकॉस्ट के वैज्ञानिक डॉ. राजेन्द्र सिंह राणा ने विज्ञान लोकप्रियकरण कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से विज्ञान एवं नवाचार को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. हर्ष कुमार ने डिजिटल शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं भविष्य की तकनीकों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. सिद्धार्थ घनसेला ने साइबर सुरक्षा, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। डॉ. प्रदीप सेमवाल ने आधुनिक डिजिटल तकनीकों एवं नवाचार की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. राजीव कुमार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं तकनीकी नवाचारों में उपलब्ध करियर संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर संवाद किया। कार्यशाला में आर एस. रावत, बृजेश उपाध्याय,यूकॉस्ट के वैज्ञानिक डॉ. राजेन्द्र सिंह राणा, प्रो. डॉ. राजीव कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एमवीएम में लोक पर्व हरेला मनाया एक वृक्ष कक्षा के नाम लगाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड़ स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर एक वृक्ष कक्षा के नाम अभियान सहित गणित व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र गुसांई ने कहा कि वर्तमान समय में अप्रत्याशित रूप से हो रहे जलवायु परिवर्तन को पौधारोपण करके ही रोका जा सकता है, इसलिए सभी को पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। मौके पर इको क्लब के सदस्यों ने पौधारोपण किया। तत्पश्चात आयोजित गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी के सीनियर वर्ग में आर्यन ने पहला, राजबीर एवं कार्तिक ने दूसरा और आरूषि व श्रेया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में वंश एवं आरूष पहले, जसलीन व आयुषी दूसरे और अंश व पीयूष तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## रिखणीखाल में बहुउद्देश्यीय जनसेवा शिविर लगाया नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में संचालित सेवा, सुशासन एवं समर्पण–जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के अंतर्गत विकासखंड रिखणीखाल सभागार में बहुउद्देशीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने एक ही परिसर में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराते हुए पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में 467 लोगों ने प्रतिभाग किया।

राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष सेनि. लेफ्टिनेंट कर्नल रघुवीर सिंह भण्डारी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनसेवा शिविर शासन और आमजन के बीच प्रभावी सेतु का कार्य कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रमाणपत्र, पंजीकरण, विभागीय सेवाएं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में जनसेवा शिविरों का लाभ उठाने तथा अन्य पात्र लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत 315 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया। साथ ही विभागीय अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रेनू रावत, ज्येष्ठ प्रमुख कुलदीप नेगी, विधायक प्रतिनिधि शालिनी बलोदी, दिनेश ध्यानी, गोवर्धन प्रसाद टम्टा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रीति मेमोरियल क्लीनिक का उद्घाटन



नवस्थापित क्लीनिक का फीता काटकर उद्घाटन करते डॉ. कमल नयन गंभीर।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार की सुबह हरिद्वार के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कमल नयन गंभीर ने नांगल सोती में नवस्थापित प्रीति मैमोरियल पॉली क्लीनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया। डॉ. वीरेश चौधरी के सुपुत्र डॉ. प्रशांत कुमार ने यह क्लीनिक खोला है। डॉ. प्रशांत ने कहा कि क्षेत्रवासियों को सस्ती, सुलभ और अच्छी चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है। उद्घाटन कार्यक्रम में नरेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, रवि, आशु, प्रियांशु, रुद्राक्ष, ईशम सिंह, अरविंद धीमान, चौ. सूरतपाल सिंह बल्ली, पूर्व एमडी राजपाल सिंह, डॉ. जयपाल सिंह सुमन, चौ. वीरपाल सिंह, सुधीर चौधरी, नवीन अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, वीरेन्द्र शर्मा, गगन कर्णवाल, जाहिद मलिक, नीटू सिंह, सुरेशचंद राजपूत, मा. पुष्पेन्द्र राजपूत, राकेश गोयल सहित काफी गणमान्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## बाल खिलाड़ियों की दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन




**लालढांग ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत न्याय पंचायत लालढांग में 8 से 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कई बच्चों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ कुछ बच्चे नहीं ले पाए। इसका मुख्य कारण स्थायी निवास प्रमाण पत्र का न बन पाना बताया गया। इस संबंध में नोडल अधिकारी ने बताया कि जिन बच्चों के मूल प्रमाण पत्र तैयार नहीं हैं, वे अपने दस्तावेज पूरे कर अगले वर्ष भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। न्याय पंचायत खेल समन्वयक श्री राजेश भट्ट ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही है। इस प्रकार की योजनाओं से छात्र–छात्राओं को आर्थिक सहायता के साथ–साथ खेल भावना को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर अभिषेक पैन्यूली, विपिन सकलानी, तारा सिंह, विभा नेगी, सरिता रावत, महिपाल जी, अर्जुन सिंह, आशा भट्ट, लक्ष्मी, प्रतिमा, विनोद ध्यानी, शैलेंद्र भूषण, रोशनी रावत, खेल प्रभारी दिनेश वर्मा, सुरेश बिल्जवाण आदि उपस्थित रहे।

## कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में होगा इंडोर स्टेडियम निर्माण

### सीएम ने 7.86 करोड़ की धनराशि की स्वीकृत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार विधान सभा विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के लिए एक और बड़ी सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत कोटद्वार विधानसभा के भाबर क्षेत्र में आधुनिक इंडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु शासन द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कहा कि उत्तराखंड शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य के लिए लगभग 7.86 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिसका क्रियान्वयन उत्तराखंड पेयजल संसाधन एवं निर्माण विकास निगम खेल इकाई, देहरादून द्वारा किया जाएगा। शासन की स्वीकृति के साथ ही स्टेडियम निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। कोटद्वार विधानसभा के भाबर क्षेत्र में आधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण क्षेत्र के युवाओं एवं खेल प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। स्टेडियम बनने से क्षेत्र में खेल अवसंरचना को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मौके पर उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष आभार किया।

## राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले बड़ा हादसा

# लोहे का गार्डर गिरने से वरिष्ठ नेता अमर मेहता की मौत



अमर मेहता की फाइल फोटो

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून के बन्नू स्कूल मैदान में आज उस समय हड़कंप मच गया और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल निर्माण के दौरान अचानक एक भारी–भरकम लोहे का गार्डर गिरने से कांग्रेस नेता अमर मेहता की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद उत्तराखंड कांग्रेस में शोक की लहर दौड़ गई।

उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मैदान में ‘छात्रों की गूंज’ कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही थीं। बारिश के मौसम को देखते हुए क्रेन के माध्यम से विशाल वाटरप्रूफ टेंट और मंच लगाने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक क्रेन से एक भारी लोहे का गार्डर असंतुलित होकर सीधे वहां मौजूद कांग्रेस नेता अमर मेहता के सिर पर जा गिरा।

गार्डर गिरने से अमर मेहता लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मैदान में मौजूद कार्यकर्ताओं और नेताओं में अफरा–तफरी मच गई। उन्हें तुरंत आनन–फानन में नजदीक के निजी अस्पताल (सीएमआई) ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने उनका आपातकालीन उपचार शुरू किया, लेकिन सिर पर गहरी और जानलेवा चोट लगने के कारण अमर मेहता जिंदगी की जंग हार गए और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## स्वरोजगार स्थापित करने वाले युवाओं को सम्मानित किया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार स्थापित करने वाले युवाओं को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर भारत के सशक्त स्तंभ बताया।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग प्रदान कर उन्हें रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार देने वाला बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा पारंपरिक रोजगार के साथ–साथ नवाचार और स्वरोजगार के माध्यम से समाज और प्रदेश के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें मनमोहन नौटियाल, अजय नेगी, संदीप राणा, जगदंबा रयाल, पंकज जुगलान आदि मौजूद थे।

## इंकाइयों ने आमजन को वितरित किये पौधे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हरेला पर्व के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आम जन को औषधीय पौधे वितरित कर हरेला पर्व मनाया। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने कहा कि हरेला पर्व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वर्तमान में तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। पौधे हमें जीवनदायिनी आक्सीजन प्रदान करते हैं। वर्तमान में विकास के नाम पर जंगलों की अनियमित कटान के कारण जलवायु संकट गहराता जा रहा है, जिसको पौधारोपण कर ही रोका जा सकता है। इसलिए सभी को पौधारोपण कर उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर बलबीर सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह गुसाईं, राजीव जखमोला, अनिल रतूड़ी, चंद्रमोहन सिंह रावत, विजय नेगी और जावेद हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जम्मू कश्मीर के विपक्षी नेता आये भाजपा नेताओं ने पलक पांवड़ बिछाये



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जम्मू–कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार शर्मा के ऋषिकेश आगमन पर ऋषिकेश विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उनका स्वागत सम्मान किया। डॉ. अग्रवाल शर्मा के बीच विभिन्न सामरिक एवं समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने उत्तराखंड एवं जम्मू–कश्मीर की सरकारों द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं एवं सुशासन के मॉडल पर भी विचार–विमर्श किया। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें देश के विभिन्न राज्यों में विकास, पारदर्शिता एवं जनसेवा के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। वहीं, सुनील कुमार शर्मा ने उत्तराखंड सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की गति निरंतर आगे बढ़ रही है। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई तथा पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विचार साझा किए गए।

## हरेला पर्व पर पौधारोपण किया, उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फलदार छायादार वृक्षों का विधिवत पूजन कर अपनी लोक संस्कृति के अनुरूप वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक नरेश, सह विभाग कार्यवाह नरेश एवं विद्या भारती जिला अध्यक्ष डॉ. हेत राम ममगाई एवं पूर्व मेयर श्रीमती अनिता ममगाई द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण है तो जीवन है के संकल्प के साथ नीम, पीपल, बरगद, आम, जामुन एवं अन्य छायादार व फलदार प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अनिता ममगाई पूर्व मेयर ने कहा कि हरेला पर्व हमें प्रकृति से जोड़ता है। हरेला जैसा लोकपर्व हमें और भी सशक्त बनाता है जिला प्रचारक ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि राष्ट्र–धर्म भी है। संघ का स्वयंसेवक पर्यावरण को अपनी माता मानकर उसकी सेवा करता है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com



# मुख्यमंत्री आवास योजना से आजमगढ़ में पक्के आशियानों के साकार होते सपने

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन और अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए 'मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस कल्याणकारी पहल के अंतर्गत ग्रामीण उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को प्राकृतिक आपदाओं, विशिष्ट सामाजिक श्रेणियों और गंभीर स्वास्थ्य विभीषिकाओं के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए पक्के मकानों की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जनपद आजमगढ़ ने योजना के क्रियान्वयन में एक मिसाल पेश की है, जहां 96.23 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ हजारों परिवारों को कच्ची दीवारों से निकालकर पक्के घरों तक पहुंचाया गया है। यह उपलब्धि केवल प्रशासनिक आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर सामाजिक गरिमा, सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण की एक नई इबारत है।

जनपद आजमगढ़ को योजना के अंतर्गत कुल 9,908 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष जिला प्रशासन ने तीव्र और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए 9,534 आवास पूर्ण कर लाभार्थियों को हस्तांतरित कर दिए हैं। प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों में आजमगढ़ की यह मजबूत प्रशासनिक कार्यशैली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासन द्वारा मासिक समीक्षा बैठकों, निर्माण कार्यों की सतत निगरानी, पारदर्शी लाभार्थी चयन तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी अभिसरण (कन्वर्जेंस) पर विशेष बल दिया गया। इसी रणनीतिक दृष्टिकोण के कारण आजमगढ़ आज पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सफल क्रियान्वयन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन पात्र परिवारों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है, जो किन्हीं कारणों से केंद्र सरकार की आवास योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। शासन द्वारा जारी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुरूप, योजना के तहत उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं। इनमें प्राकृतिक आपदा (बाढ़, अग्निकांड या भूकंप) से प्रभावित परिवार, कुष्ठ रोग, जापानी इंसेफेलाइटिस, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम तथा कालाजार जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित परिवार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुसहर समुदाय, वन्टांगिया, कोल, सहरिया जैसी वंचित अनुसूचित जनजातियों, विधवा महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्गों को इसमें विशेष वरीयता दी गई है। सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण के सिद्धांतों को सुदृढ़ करते हुए इन आवासों का पंजीकरण मुख्य रूप से परिवार की महिला मुखिया के नाम पर अथवा पति-पत्नी के संयुक्त नाम पर सुनिश्चित किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि हुई है।

> इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन पात्र परिवारों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है, जो किन्हीं कारणों से केंद्र सरकार की आवास योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए थे। शासन द्वारा जारी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुरूप, योजना के तहत उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं।



योजना के तकनीकी एवं वित्तीय प्रावधानों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मैदानी क्षेत्रों में प्रति आवास 1.20 लाख तथा कठिन या पथरीले क्षेत्रों में 1.30 लाख की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा रही है। निर्मित होने वाले प्रत्येक आवास का न्यूनतम क्षेत्रफल 25 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है, जिसमें दो कमरों के साथ स्वच्छ रसोईघर, आधुनिक स्नानघर और एक सुसज्जित शौचालय की सुविधा शामिल है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संपूर्ण चयन प्रक्रिया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों तथा ग्राम सभाओं द्वारा सत्यापित आवास प्लस सूची के आधार पर संचालित की जा रही है, जिससे केवल वास्तविक रूप से जरूरतमंद और भूमिहीन परिवारों तक ही इस शासकीय सहायता की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुआयामी अभिसरण मॉडल है, जो इसे केवल आवास निर्माण तक सीमित न रखकर समग्र ग्रामीण विकास का माध्यम बनाता है। इसके तहत प्रत्येक पात्र परिवार को 1,20,000 की प्रत्यक्ष आवासीय सहायता के साथ-साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से 90 दिवस की अकुशल मजदूरी प्रदान की जाती है, जिससे निर्माण अवधि के दौरान परिवार को आय का अतिरिक्त सहारा मिलता है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12,000 की लागत से शौचालय का निर्माण कराया जाता है। लाभार्थी परिवारों को पात्रतानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन तथा हर घर जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। एक ही छत के नीचे इतनी सुविधाओं का समागम ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार ला रहा है।

आजमगढ़ के जहानागंज विकास खण्ड के सेमा गांव की रहने वाली गुड्डी की कहानी इस योजना की सफलता का एक जीवंत प्रमाण है। अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाली गुड्डी और उनके पति दुर्गेश वर्षों से दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। अत्यंत सीमित आय के कारण उनका पक्का घर बनाने का सपना अधूरा था और पूरा परिवार एक जर्जर कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। मिट्टी की दीवारें बारिश में गल जाती थीं, छत हर वर्ष टपकती थी और तेज हवाओं व विपरीत मौसम में पूरा परिवार भय के साये में रात गुजारता था। बरसात के दिनों में बच्चों की पढ़ाई ठप हो जाती थी क्योंकि किताबों और जरूरी सामानों को भीगने से बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती थी। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चयन होने के बाद गुड्डी के परिवार का जीवन पूरी तरह बदल गया है। उन्हें मिले पक्के मकान, शौचालय और अन्य सरकारी लाभों ने न केवल उन्हें मौसम की मार से सुरक्षा दी है, बल्कि समाज में उनका गौरव भी बढ़ाया है। गुड्डी की तरह ही आजमगढ़ के हजारों लाभार्थियों के लिए यह योजना केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा, स्वच्छता और आत्मविश्वास से भरे नए जीवन की शुरुआत है। अब इन परिवारों को हर मौसम में घर टूटने या भीगने का डर नहीं रहता और उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवास विहीन और कमजोर वर्गों को दी गई यह पक्की छत आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और मजबूत कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस संवेदनशील और विकासोन्मुखी पहल ने आजमगढ़ में एक ऐसी मौन क्रांति को जन्म दिया है, जिसने न केवल गरीब परिवारों को एक सुरक्षित आशियाना दिया है, बल्कि उनके सपनों को भी एक नया और खुला आसमान प्रदान किया है।

# प्रतापगढ़ में 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' बनी मिसाल

## ग्रामीण महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में आर्थिक स्वावलंबन और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसरों को सृजित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक कारीगरों, युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता से जोड़कर उनका आर्थिक सशक्तिकरण करना है। इस कल्याणकारी योजना के तहत प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय, तकनीकी और ढांचागत सुविधाएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही हैं, जिससे गांवों से होने वाले पलायन में भारी कमी आई है।

योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्योग स्थापित करने के लिए संस्थागत ऋण की एक बेहद सुदृढ़ और पारदर्शी व्यवस्था की गई है। इसके तहत पात्र आवेदकों को बैंक के माध्यम से 10 लाख रुपये तक का पूंजीगत ऋण उपलब्ध कराया जाता है। यह वित्तीय सहायता मुख्य रूप से उन परियोजनाओं के लिए प्रदान की जाती है जो उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्वीकृत श्रेणियों के अंतर्गत आती हैं। पूंजी की इस सुलभ उपलब्धता से ग्रामीण युवाओं के लिए अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करने की राह अत्यंत आसान हुई है।



योजना की सबसे महत्वपूर्ण सुविधा इसमें मिलने वाली भारी वित्तीय छूट और मार्जिन मनी (सब्सिडी) की व्यवस्था है। प्रदेश सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के लिए परियोजना लागत पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाती है। इसके साथ ही, समाज के कमजोर और आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाओं, दिव्यांगों और भूतपूर्व सैनिकों को स्वरोजगार में विशेष प्राथमिकता देने के लिए योजना के तहत 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। यह बड़ा वित्तीय प्रोत्साहन नए ग्रामीण उद्यमियों पर शुरुआती कर्ज के बोझ को काफी हद तक कम कर देता है।

व्यवसाय की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के लिए केवल धन की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि इसके लिए सही तकनीकी कौशल की भी आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वय से सभी चयनित लाभार्थियों के लिए व्यापक तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता है। इस निशुल्क प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण उद्यमियों को आधुनिक मशीनों के कुशल संचालन, उत्पाद की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, वित्तीय प्रबंधन और विपणन के व्यावहारिक गुर सिखाए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, ग्रामीण उद्यमियों के सामने अपने निर्मित उत्पादों को बेचने और सही बाजार तलाशने की चुनौती के स्थाई समाधान के लिए एक एकीकृत विपणन सहायता तंत्र विकसित किया गया है। खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से क्षेत्रीय, जिला और राज्य स्तरों पर विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियों, मेलों और बाजारों का आयोजन किया जाता है, जहाँ इन ग्रामीण उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उपभोक्ताओं को सीधे बेचने के लिए पूरी तरह से निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाते हैं। साथ ही, इन ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए डिजिटल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी, त्वरित और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने आवेदन प्रणाली को पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया है। अब कोई भी इच्छुक आवेदक खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर घर बैठे सुगमता से आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज और विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) अपलोड करनी होती है, जिससे लाभार्थियों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने से पूर्ण मुक्ति मिली है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स समिति द्वारा प्रस्तावों की समीक्षा कर स्वीकृति हेतु बैंकों को भेजा जाता है और ऋण जारी होने के बाद सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।

सरकार की इन व्यापक सुविधाओं के दूरगामी और सकारात्मक परिणाम जनपद प्रतापगढ़ में धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वित प्रयासों से जनपद की अनेक महिलाओं और युवाओं के जीवन में युगांतकारी परिवर्तन आया है। प्रतापगढ़ जनपद की एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली महिला उद्यमी निशा परवीन (पत्नी अजहर हुसैन) की सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाकर बड़े सपनों को साकार किया जा सकता है। लंबे समय से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की इच्छुक निशा परवीन को जब इस योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया। प्रदेश सरकार के सहयोग से उनकी 10 लाख रुपये लागत की सैनिटरी नैपकिन निर्माण परियोजना को त्वरित स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके लिए पंजाब नेशनल बैंक, रमईपुर दिसनी, प्रतापगढ़ द्वारा सुगमता से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई। सरकारी वित्तीय सहयोग और सब्सिडी का लाभ प्राप्त होने के पश्चात, निशा परवीन ने आधुनिक तकनीक से युक्त एक उन्नत सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाई की स्थापना पृथ्वीगंज बाजार पट्टी में की। आज उनकी इस विनिर्माण इकाई में ग्रामीण महिलाओं के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और बेहद किफायती सैनिटरी नैपकिन का निर्माण और विक्रय बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को उचित मूल्य पर स्वच्छता संबंधी उत्पाद स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी लगातार बढ़ रही है। इस उद्योग की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सामाजिक परिवर्तन की एक नई शुरुआत हुई है।

# वर्तमान सरकार में यमुना प्राधिकरण बना हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग हब

## निवेश और रोजगार के नए युग की शुरुआत




उत्तर प्रदेश आज देश के औद्योगिक विकास की नई धुरी बनकर उभर रहा है। बेहतर आधारभूत संरचना, निवेशक-अनुकूल नीतियां, मजबूत कानून-व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था ने प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश केवल पारंपरिक उद्योगों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, सौर ऊर्जा, मेडिकल डिवाइस और हाईटेक विनिर्माण जैसे भविष्य के उद्योगों में भी तेजी से अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। इस परिवर्तन का सबसे सशक्त उदाहरण यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र है, जो आधुनिक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ प्रदेश को नई औद्योगिक ऊंचाइयों की ओर अग्रसर कर रहा है।



औद्योगिक विकास केवल बड़े निवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका वास्तविक उद्देश्य रोजगार के अवसर बढ़ाना, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देना और युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर भविष्य उपलब्ध कराना होता है। लंबे समय तक उच्च तकनीक आधारित उद्योग देश के कुछ चुनिंदा राज्यों तक सीमित रहे, जिसके कारण बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता था। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी औद्योगिक नीति ने इस स्थिति को बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक औद्योगिक क्लस्टर न केवल निवेश आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों को भी नई उड़ान दे रहे हैं।

यीडा क्षेत्र में क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास मॉडल के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी), मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल पार्क, टॉय पार्क, एमएसएमई पार्क, ओडीओपी पार्क तथा हस्तशिल्प पार्क जैसे अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य उद्योगों को विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, उत्पादन लागत कम करना और निवेशकों के लिए एक समेकित औद्योगिक वातावरण तैयार करना है। यह मॉडल उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ प्रदेश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि तब प्राप्त हुई, जब भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यीडा के सेक्टर-10 में 206.40 एकड़ क्षेत्रफल में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की। लगभग 417 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में केंद्र सरकार द्वारा लगभग 144.48 करोड़ रुपये तथा यीडा द्वारा लगभग 272.52 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से अत्याधुनिक औद्योगिक अवसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय इकोसिस्टम तैयार होगा। परियोजना का निर्माण चरणबद्ध तरीके से तेजी से आगे बढ़ रहा है और निर्धारित समय सीमा में इसे पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

यीडा के सेक्टर-8 में विकसित हो रही अत्याधुनिक सौर ऊर्जा निर्माण इकाई प्रदेश के हरित औद्योगिक विकास की नई पहचान बन रही है। लगभग 200 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली इस परियोजना में 8,253 करोड़ रुपये के निवेश हो रहे है। यहां सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल का निर्माण किया जाएगा, जिससे भारत की स्वच्छ ऊर्जा आवश्यकताओं को मजबूती मिलेगी। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 5,000 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। यह निवेश केवल उद्योग की स्थापना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे स्थानीय स्तर पर सहायक उद्योगों, सेवा क्षेत्र और लघु उद्यमों को भी नई गति मिलेगी।

वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती सेमीकंडक्टर उद्योग की मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने इस क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। यीडा के सेक्टर-10 स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में लगभग 3,250 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई स्थापित की जा रही है। यहां फ्लेक्सिबल पीसीबी, हाई डेंसिटी इंटरकनेक्ट (एचडीआई) पीसीबी तथा सेमीकंडक्टर सब्सट्रेट जैसे उच्च तकनीक उत्पादों का निर्माण होगा। इस परियोजना से लगभग 1,500 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। यह निवेश उत्तर प्रदेश को देश के उभरते सेमीकंडक्टर विनिर्माण मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम है।

इसी प्रकार यीडा के सेक्टर-8 में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स निर्माण की एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत लगभग 3,532 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इस इकाई में कॉपर क्लैड लैमिनेट, इलेक्ट्रॉनिक असेंबली तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का निर्माण किया जाएगा। इससे प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन और अधिक मजबूत होगी तथा लगभग 2,000 युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, सहायक उद्योगों के विकास से अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावनाएं भी व्यापक स्तर पर बढ़ेंगी।

यीडा क्षेत्र में विकसित हो रहे ये आधुनिक औद्योगिक पार्क केवल औद्योगिक इकाइयों का समूह नहीं हैं, बल्कि भविष्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। क्लस्टर आधारित विकास मॉडल के कारण उद्योगों को सड़क, बिजली, जलापूर्ति, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं। इससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ रही है। यही कारण है कि देश और विदेश की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए लगातार आगे आ रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की निवेशक-अनुकूल नीतियां, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे नेटवर्क, बेहतर हवाई संपर्क, पारदर्शी सिंगल विंडो प्रणाली और समयबद्ध अनुमोदन व्यवस्था ने निवेशकों का विश्वास मजबूत किया है। इन सुधारों ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए देश के सबसे भरोसेमंद राज्यों में शामिल कर दिया है।

# भविष्य के युद्धों में रणनीतिक अवसंरचना की भूमिका निर्णायक रहेगी- राजनाथ



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अत्याधुनिक हथियारों और आधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकियों के बावजूद सड़कें, सुरंगें, हवाई अड्डे और बंदरगाह जैसे सामरिक अवसंरचना सैन्य अभियानों के लिए भविष्य में भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहेंगी। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां सीमा सड़क संगठन रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों को मोर्चे तक पहुंचाने वाली सड़क भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि सीमा पर तैनात सैनिक, इसलिए अवसंरचना का निर्माण करने वाले भी राष्ट्रीय सुरक्षा के समान रूप से महत्वपूर्ण प्रहरी हैं। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की सराहना करते हुए कहा कि उसने एक साधारण सड़क निर्माण एजेंसी से विश्व के प्रतिष्ठित सामरिक अवसंरचना संगठनों में स्थान बनाया है। उन्होंने अटल सुरंग, सेला सुरंग और उमलिंग ला दर्रा जैसी परियोजनाओं को संगठन की इंजीनियरिंग क्षमता और उत्कृष्ट कार्य का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक अवसंरचना और वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क व्यवस्था को मजबूत कर राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। श्री सिंह ने इस अवसर पर सीमा सड़क संगठन की नई डिजिटल परियोजना प्रबंधन और भर्ती प्रणालियों का शुभारंभ किया, संगठन के तीन प्रमुख प्रकाशनों का विमोचन किया।







